2522
27/11/17

# झारखण्ड सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग

**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के सफल कार्यान्वयन हेतु मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार की अध्यक्षता में गठित "राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं अनुश्रवण समिति" (State Level Sanctioning & Monitoring Committee ) हेतु दिनांक: 27.11.2017 को सम्पन्न आठवीं बैठक की कार्यवाही।**

---

उपस्थिति:– संलग्न।

<u>कार्यवाही</u>:–

सर्वप्रथम मुख्य सचिव–सह–अध्यक्ष के द्वारा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया गया।
प्रधान सचिव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत तैयार विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) / Conceptual Layout Plans के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गयी जिसमें योजना के तृतीय घटक **<u>"भागीदारी में किफायती आवास का निर्माण"</u>** अन्तर्गत राज्य के छः निकायों यथा राँची, धनबाद, जमशेदपुर, आदित्यपुर, मानगो एवं जुगसलाई में 40,000 EWS आवासों का निर्माण नई एवं उभरती तकनीकों से कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त आवासों का निर्माण Hybrid Annuity Model के तहत किया जाएगा। उक्त हेतु निर्माणकर्त्ता के चयन हेतु वैश्विक निविदा प्रकाशित की जा चुकी है। उक्त के क्रम में पांच निकायों यथा राँची, धनबाद, जमशेदपुर, आदित्यपुर एवं मानगो में निकायवार कुल 28,477 आवासों के निर्माण हेतु परामर्शीयों द्वारा Conceptual Layout Plans तैयार की गई है, जिसकी विवरणी संलग्न है। निकायों में आवासों के निर्माण हेतु विस्तृत Drawings and Designs वैश्विक निविदा में चयनित सफल निविदाकर्त्ता द्वारा तैयार की जाएगी, जिसपर निर्माण पूर्व सक्षम प्राधिकारों द्वारा तकनीकी स्वीकृति एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त की जाएगी। प्रस्तावित आवासीय परियोजनाओं के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित कर ली गई है। परामर्शीयों द्वारा निकायवार तैयार की गई Conceptual Layout Plans का मूल्यांकन एवं अनुमोदन मुख्य अभियंता, UD&HD की अध्यक्षता में गठित SLAC समिति द्वारा प्राप्त कर ली गई है।

योजनान्तर्गत तैयार DPR एवं Conceptual Layout Plans के आधार पर विभिन्न निकायों में आवास निर्माण हेतु समिति द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्न वर्णित निर्णय लिए गए:

1. **गत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि की गयी।**
2. **गत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन पर समिति के द्वारा संतोष व्यक्त किया गया (परिशिष्ट क)**

   गत बैठक में नई एवं उभरती तकनीक से Demonstration Housing Project (DHP) का निर्माण Building Materials & Technology Promotion Council (BMTPC), भारत सरकार द्वारा राँची नगर निगम क्षेत्राधीन डोरण्डा, राँची में चिन्हित लगभग 1.13 एकड़ भूमि पर कराए जाने का अनुमोदन दिया गया था परन्तु क्षेत्रों के भ्रमण एवं मूल्यांकनोपरान्त पाया गया कि उक्त चिन्हित भूमि में मात्र 0.43 एकड़ की ही उपलब्धता है। अतः उक्त उपलब्ध भूमि में ही DHP के निर्माण के प्रस्ताव पर समिति का अनुमोदन दिया गया।

3. **PMAY के तृतीय घटक "भागीदारी में किफायती आवास का निर्माण" अन्तर्गत निर्मित सात विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) / Conceptual Layout Plans पर अनुमोदन दिया गया।**

3.1 राँची नगर निगम क्षेत्राधीन नई एवं उभरती तकनीकों से कुल 11,385 DUs (G+4 Model) के निर्माण किए जाने हेतु Conceptual Layout Plans तैयार किया गया है। जिसका कुल अनुमान्य राशि रु० 83345.53 लाख है। प्रस्तावित परियोजना अंतर्गत आवासों के निर्माण हेतु केन्द्रीय सहायता राशि रु० 1.5 लाख प्रति आवास होगी, लाभुक अंशदान प्रति लाभुक रु० 0.50 लाख एवं शेष राशि का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। उक्त प्लान को अनुमोदित करते हुए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने का अनुमोदन दिया गया।

उक्त के आलोक में परियोजना हेतु केन्द्रांश, राज्यांश एवं लाभुक अंशदान निम्नवत् होंगेः–

| | | |
|---|---|---|
| केन्द्रांश | : | रु० 17077.50 लाख |
| राज्यांश | : | रु० 60575.53 लाख |
| लाभुक अंशदान | : | रु० 05692.50 लाख |
| **कुल** | : | **रु० 83345.53 लाख** |

भारत सरकार द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र (7B) पर वांछित सूचना के साथ–साथ विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR)/Conceptual Layout Plans भारत सरकार को उपलब्ध कराये जाने पर समिति का अनुमोदन दिया गया।

3.2 राँची नगर निगम अंतर्गत बिरसा मुण्डा स्मृति पार्क की भूमि एवं करमटोली तालाब के आस–पास स्थित भूमि पर वासित लाभुकों के जीवन स्तर में उन्नयन हेतु बिरसा मुण्डा स्मृति पार्क स्थित भूमि पर कुल 175 आवास के निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) परामर्शी M/s Darashaw के द्वारा तैयार किया गया है। बिरसा मुण्डा स्मृति पार्क की आवासीय परियोजना के DPR पर मुख्य अभियंता, तकनीकी कोषांग, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा तकनीकी अनुमोदन प्रदान की गई है। आवास की संरचना कमजोर आय वर्ग श्रेणी (Economically Weaker Section - EWS) के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुरूप है। जिसकी कुल परियोजना राशि रु० 1436.26 लाख है। उक्त प्लान को अनुमोदित करते हुए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने का अनुमोदन दिया गया।

उक्त के आलोक में परियोजना हेतु केन्द्रांश, राज्यांश एवं लाभुक अंशदान निम्नवत् होंगेः–

| | | |
|---|---|---|
| केन्द्रांश | : | रु० 0262.50 लाख |
| राज्यांश | : | रु० 1086.26 लाख |
| लाभुक अंशदान | : | रु० 0087.50 लाख |
| **कुल** | : | **रु० 1436.26 लाख** |

भारत सरकार द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र (7B) पर वांछित सूचना के साथ–साथ विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR)/Conceptual Layout Plans भारत सरकार को उपलब्ध कराये जाने पर समिति का अनुमोदन दिया गया।

3.3 राँची नगर निगम अंतर्गत इस्लाम नगर की भूमि पर वासित लाभुकों के जीवन स्तर में उन्नयन हेतु कुल 444 (G+3 Model) आवास के निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) परामर्शी M/s Mass n Void के द्वारा तैयार किया गया है। इस्लाम नगर आवासीय परियोजना के DPR पर मुख्य अभियंता, तकनीकी कोषांग, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा तकनीकी अनुमोदन प्रदान की गई है। आवास की संरचना कमजोर आय वर्ग श्रेणी (Economically Weaker Section - EWS) के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुरूप है। जिसकी कुल परियोजना राशि रु० 3304.11 लाख है। उक्त प्लान को अनुमोदित करते हुए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने का अनुमोदन दिया गया।

उक्त के आलोक में परियोजना हेतु केन्द्रांश, राज्यांश एवं लाभुक अंशदान निम्नवत् होंगेः–

| | | |
|---|---|---|
| केन्द्रांश | : | रु० 0666.00 लाख |
| राज्यांश | : | रु० 2416.11 लाख |
| लाभुक अंशदान | : | रु० 0222.00 लाख |
| **कुल** | : | **रु० 3304.11 लाख** |

भारत सरकार द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र (7B) पर वांछित सूचना के साथ–साथ विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR)/Conceptual Layout Plans भारत सरकार को उपलब्ध कराये जाने पर समिति का अनुमोदन दिया गया।

3.4 जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति अंतर्गत नई एवं उभरती तकनीकों से कुल 10,437 (G+4 Model) आवासों का निर्माण किए जाने हेतु परामर्शी M/s SREI द्वारा Conceptual Layout Plan तैयार की गई है। जिसकी कुल लागत राशि रु० 67341.36 लाख है। उक्त प्लान को अनुमोदित करते हुए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने का अनुमोदन दिया गया। परियोजना हेतु केन्द्रांश, राज्यांश एवं लाभुक अंशदान निम्नवत् होंगे:–

| | | |
|---|---|---|
| केन्द्रांश | : | रु० 15654.00 लाख |
| राज्यांश | : | रु० 56203.64 लाख |
| लाभुक अंशदान | : | रु० 05218.00 लाख |
| **कुल** | : | **रु० 77075.64 लाख** |

भारत सरकार द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र (7B) पर वांछित सूचना के साथ–साथ विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR)/Conceptual Layout Plans भारत सरकार को उपलब्ध कराये जाने पर समिति का अनुमोदन दिया गया।

3.5 आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत नई एवं उभरती तकनीकों से कुल 3,040 (G+4 Model) आवासों का निर्माण किए जाने हेतु परामर्शी M/s SREI द्वारा Conceptual Layout Plan तैयार की गई है। जिसकी कुल राशि रु० 19523.05 लाख है। उक्त प्लान को अनुमोदित करते हुए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने का अनुमोदन दिया गया। परियोजना हेतु केन्द्रांश, राज्यांश एवं लाभुक अंशदान निम्नवत् होंगे:–

| | | |
|---|---|---|
| केन्द्रांश | : | रु० 04560.00 लाख |
| राज्यांश | : | रु० 14674.43 लाख |
| लाभुक अंशदान | : | रु० 01520.00 लाख |
| **कुल** | : | **रु० 20754.43 लाख** |

भारत सरकार द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र (7B) पर वांछित सूचना के साथ–साथ विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR)/Conceptual Layout Plans भारत सरकार को उपलब्ध कराये जाने पर समिति का अनुमोदन दिया गया।

3.6 मानगो अधिसूचित क्षेत्र समिति अंतर्गत नई एवं उभरती तकनीकों से कुल 1797 (G+4 Model) आवासों का निर्माण किए जाने हेतु परामर्शी M/s SREI द्वारा Conceptual Layout Plan तैयार की गई है। जिसकी कुल राशि रु० 11593.49 लाख है। उक्त प्लान को अनुमोदित करते हुए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने का अनुमोदन दिया गया। परियोजना हेतु केन्द्रांश, राज्यांश एवं लाभुक अंशदान निम्नवत् होंगे:–

| | | |
|---|---|---|
| केन्द्रांश | : | रु० 2695.50 लाख |
| राज्यांश | : | रु० 9690.58 लाख |
| लाभुक अंशदान | : | रु० 0898.50 लाख |

| | | |
|---|---|---|
| कुल | : | रु०13284.58 लाख |

भारत सरकार द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र (7B) पर वांछित सूचना के साथ–साथ विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) / Conceptual Layout Plans भारत सरकार को उपलब्ध कराये जाने पर समिति का अनुमोदन दिया गया।

3.7 धनबाद नगर निगम अंतर्गत नई एवं उभरती तकनीकों से कुल से कुल 1,200 आवासों का निर्माण G+4 Model में किए जाने हेतु परामर्शी M/s Darashaw द्वारा Conceptual Layout Plan तैयार की गई है जिसकी कुल राशि रु० 88,81,20,000/– (अट्ठासी करोड़ इक्कासी लाख बीस हजार रूपये मात्र) की है। उक्त प्लान को अनुमोदित करते हुए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने का अनुमोदन दिया गया। परियोजना हेतु केन्द्रांश, राज्यांश एवं लाभुक अंशदान निम्नवत् होंगे:–

| | | |
|---|---|---|
| केन्द्रांश | : | रु० 1800.00 लाख |
| राज्यांश | : | रु० 6481.20 लाख |
| लाभुक अंशदान | : | रु० 0600.00 लाख |
| कुल | : | रु० 8881.20 लाख |

भारत सरकार द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र (7B) पर वांछित सूचना के साथ–साथ विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) / Conceptual Layout Plans भारत सरकार को उपलब्ध कराये जाने पर समिति का अनुमोदन दिया गया।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाई सम्पन्न की गई।

24.XI.2017

सरकार के मुख्य सचिव।

**ज्ञापांक:–** 07 / न०प्र०नि० / PMAY (HFA) / 01 / 2015 2522 **रांची, दिनांक:** 27/11/17

**प्रतिलिपि:–** मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार के प्रधान आप्त सचिव / प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान आप्त सचिव / बैठक में उपस्थित सभी सदस्यगण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27.11.17

(अरूण कुमार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव।

2522
27/11/17

भागीदारी में किफायती आवास अंतर्गत निकायवार निर्मित किए जाने वाले आवासों की विवरणी:–

| S. No | Name of ULB | Project Location | No. of DUs | Total Project cost | GoI Share @ Rs.1.5 Lakhs | Beneficiary Share @ Rs 0.50 Lakhs | State Share |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ranchi | Tiril | 2,520 | 18,188.52 | 3,780.00 | 1,260.00 | 13,148.52 |
| 2 | | Tiril | 1,040 | 7,640.61 | 1,560.00 | 520.00 | 5,560.61 |
| 3 | | Labed | 2,080 | 15,086.08 | 3,120.00 | 1,040.00 | 10,926.08 |
| 4 | | Labed | 1,160 | 8,599.16 | 1,740.00 | 580.00 | 6,279.16 |
| 5 | | Labed | 195 | 1,448.88 | 292.50 | 97.50 | 1,058.88 |
| 6 | | Labed | 105 | 783.91 | 157.50 | 52.50 | 573.91 |
| 7 | | Bariatu | 340 | 2,511.35 | 510.00 | 170.00 | 1,831.35 |
| 8 | | Banhaura | 345 | 2,547.99 | 517.50 | 172.50 | 1,857.99 |
| 9 | | Lowadih | 460 | 3,390.65 | 690.00 | 230.00 | 2,470.65 |
| 10 | | Bajra | 320 | 2,364.80 | 480.00 | 160.00 | 1,724.80 |
| 11 | | Bajra | 1,120 | 8,226.81 | 1,680.00 | 560.00 | 5,986.81 |
| 12 | | Bajra | 515 | 3,793.67 | 772.50 | 257.50 | 2,763.67 |
| 13 | | Hehal | 250 | 1,851.88 | 375.00 | 125.00 | 1,351.88 |
| 14 | | Pandra | 375 | 2,767.82 | 562.50 | 187.50 | 2,017.82 |
| 15 | | Bargai | 215 | 1,595.41 | 322.50 | 107.50 | 1,165.41 |
| 16 | | Bargai | 345 | 2,547.99 | 517.50 | 172.50 | 1,857.99 |
| | | *Sub Total* | *11,385* | *83,345.53* | *17,077.50* | *5,692.50* | *60,575.53* |
| 18 | | Birsa Munda | 175 | 1,436.26 | 262.50 | 87.50 | 1,086.26 |
| 19 | | Islam Nagar | 444 | 3,304.11 | 666.00 | 222.00 | 2,416.11 |
| | | *Sub Total* | *619* | *4,740.37* | *928.50* | *309.50* | *3,502.37* |
| | | Total | 12,004 | 88,085.90 | 18,006.00 | 6,002.00 | 64,077.90 |
| 17 | Dhanbad | Baramudi | 1,200 | 8,881.20 | 1,800.00 | 600.00 | 6,481.20 |
| 20 | Jamshedpur | Bauri Basti | 800 | 5,908.06 | 1,200.00 | 400.00 | 4,308.06 |
| 21 | | Chhaya Nagar | 2,323 | 17,118.93 | 3,484.50 | 1,161.50 | 12,472.93 |
| 22 | | Babudih lal Bhatta | 800 | 5,908.06 | 1,200.00 | 400.00 | 4,308.06 |
| 23 | | Harijan Basti | 160 | 1,197.61 | 240.00 | 80.00 | 877.61 |
| 24 | | Mahanand Basti | 160 | 1,197.61 | 240.00 | 80.00 | 877.61 |
| 25 | | Behind P&N Mall | 480 | 3,552.84 | 720.00 | 240.00 | 2,592.84 |
| 26 | | Ram janam Nagar | 320 | 2,375.22 | 480.00 | 160.00 | 1,735.22 |
| 27 | | Green Park | 800 | 5,908.06 | 1,200.00 | 400.00 | 4,308.06 |
| 28 | | Shyam Nagar | 320 | 2,375.22 | 480.00 | 160.00 | 1,735.22 |
| 29 | | Chuna bhatta | 320 | 2,375.22 | 480.00 | 160.00 | 1,735.22 |
| 30 | | Sakchi Jail | 2,144 | 15,800.00 | 3,216.00 | 1,072.00 | 11,512.00 |
| 31 | | Birsanagar | 1,009 | 7,450.73 | 1,513.50 | 504.50 | 5,432.73 |
| 32 | | Bagunhatu | 800 | 5,908.06 | 1,200.00 | 400.00 | 4,308.06 |
| | | Total | 10,436 | 77,075.64 | 15,654.00 | 5,218.00 | 56,203.64 |
| 33 | Adityapur | Mirudih | 720 | 4,933.67 | 1,080.00 | 360.00 | 3,493.67 |
| 34 | | Mirudih | 1,760 | 11,952.05 | 2,640.00 | 880.00 | 8,432.05 |
| 35 | | Mirudih | 560 | 3,868.71 | 840.00 | 280.00 | 2,748.71 |
| | | Total | 3,040 | 20,754.43 | 4,560.00 | 1,520.00 | 14,674.43 |
| 36 | Mango | Kumrum | 800 | 5,908.06 | 1,200.00 | 400.00 | 4,308.06 |
| 37 | | Sankosai Road | 837 | 6,178.91 | 1,255.50 | 418.50 | 4,504.91 |
| 38 | | Dipashahi | 160 | 1,197.61 | 240.00 | 80.00 | 877.61 |
| | | Total | 1,797 | 13,284.58 | 2,695.50 | 898.50 | 9,690.58 |
| GRAND TOTAL | | | 28,477 | 208,081.75 | 42,715.50 | 14,238.50 | 151,127.76 |

परिशिष्ट 'क'

प्रधानमंत्री आवास योजना (**PMAY-Urban**) के सफल कार्यान्वयन हेतु मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार की अध्यक्षता में गठित "राज्स स्तरीय स्वीकृति एवं अनुश्रवण समिति" **State Level Sanctioning and Monitoring Committee (SLSMC)** हेतु दिनांकः 03.10.2017 को संपन्न सातवीं बैठक की कार्यवाही का अनुपालन प्रतिवेदन।

| क्र० | पूर्व बैठक की कार्यवाही | अनुपालन |
|---|---|---|
| 1. | गत बैठक की कार्रवाही की संपुष्टी की गई। | अनुपालन कर दिया गया है। |
| 2. | प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत नई एवं उभरती तकनीक से Demonstration Housing Project (DHP) का निर्माण Building Materials & Technology Promotion Council (BMTPC), भारत सरकार द्वारा राँची नगर निगम द्वारा डोरण्डा, राँची में चिन्हित लगभग 1.13 एकड़ भूमि पर कराए जाने का प्रस्ताव माननीय विभागीय मंत्री से अनुमोदित है। DHP के निर्माण पर होने वाला व्यय BMTPC, भारत सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उक्त भूमि पर वर्त्तमान में 63 लाभुक वासित हैं। Demonstration Housing Project अंतर्गत निर्मित आवासों का आवंटन PMAY (शहरी) के लाभुकों को नियमानुसार किया जाएगा। DHP के निर्माण हेतु BMTPC से प्राप्त Operational Guidelines के आलोक में DHP के निर्माण हेतु प्रस्ताव पर SLSMC का अनुमोदन दिया गया। | गत बैठक के अनुमोदन के आलोक में DHP के निर्माण हेतु प्रस्ताव GoI को दिया गया है। |